कह कपि हृदय धीर धरू माता। सुमिरू राम सेवक सुखदाता।।
अब कृतकृत्य भयउ मैं माता। आसिष तव अमोघ बिख्याता।।
|| Ram Katha 928 - मानस मातोश्री || Mumbai || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 147 | इंदौर, मंगलवार 05 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## तूफान मिचौंग का असर

### जबलपुर-शहडोल संभाग में आंधी-बारिश का अनुमान; दो दिन एक्टिविटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। तूफान मिचौंग का असर मध्यप्रदेश में भी दिखाई देगा। जबलपुर और शहडोल संभाग में अगले दो दिन तक आंधी-बारिश का अनुमान है। भोपाल में बादल छाए रहेंगे। इससे पहले सुबह घना कोहरा भी रहेगा। इससे पहले सोमवार को दिन में फिर से ठंडक बढ़ गई। भोपाल में तापमान 4.9 डिग्री तक लुढ़क गया। सबसे ठंडा ग्वालियर रहा। यहां तापमान 5.1 डिग्री सेल्सियस रहा। शिवपुरी में 1 इंच से अधिक बारिश हो गई।

यह तूफान 2 दिसंबर को बंगाल की खाड़ी से उठा है, जो मंगलवार को आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु से टकरा सकता है। इसकी वजह से दो दिन बाद मध्यप्रदेश में मौसम फिर से बदल जाएगा।

### इन जिलों में असर

सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि तूफान की वजह से जबलपुर और शहडोल संभाग के जिलों में असर पड़ेगा। इनमें जबलपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, कटनी, मंडला, नरसिंहपुर, सिवनी, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी और अनूपपुर शामिल हैं।

### 11-12 दिसंबर को फिर बारिश का दौर

मध्यप्रदेश में सात दिन से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह से बारिश और ओलों का दौर रहा, जो 3 दिसंबर को थम गया। हालांकि, रात में ग्वालियर और दतिया में हल्की बारिश हुई। मंगलवार-बुधवार को फिर से बारिश का दौर शुरू होगा। मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि तूफान की एक्टिविटी घटने के बाद दिन में धूप खिलेगी और रात में तापमान लुढ़केगा। 11 और 12 दिसंबर को फिर से बारिश का दौर शुरू होगा।

### भोपाल में 24.9 डिग्री पहुंचा तापमान

सोमवार को भोपाल में दिन के तापमान में 4.9 डिग्री की गिरावट हुई और यह 24.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इंदौर में पारा 26.2 डिग्री, जबलपुर में 29.4 डिग्री और उज्जैन में 23.8 डिग्री रहा।

### इन शहरों में इतना तापमान रहा

बैतूल में 27.5 डिग्री, धार में 25.4 डिग्री, गुना में 23.6 डिग्री, नर्मदापुरम में 29.4 डिग्री, खंडवा में 27.5 डिग्री, पचमढ़ी में 25.2 डिग्री, रायसेन में 24.6 डिग्री, रतलाम में 25 डिग्री, शिवपुरी में 25 डिग्री, छिंदवाड़ा में 28.3 डिग्री, दमोह में 28.8 डिग्री, खजुराहो में 25.4 डिग्री, मंडला में 30.8 डिग्री, नरसिंहपुर में 26 डिग्री, नौगांव में 26 डिग्री, रीवा में 27.6 डिग्री, सागर में 24.2 डिग्री, सतना में 28 डिग्री, सिवनी में 27.4 डिग्री, टीकमगढ़ में 26 डिग्री, उमरिया में 27 डिग्री और मलाजखंड में पारा 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## बगैर टेण्डर दवाएं खरीदने की जांच शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर। मेडीकल कॉलेजों में दवा खरीदी में भारी अनियमितता बरती जा रही है। बगैर टेण्डर बुलाए दवाएं खरीदी जा रही है, और वह भी बाजार में प्रचलित मूल्यों से अधिक कीमत पर। यह कि शिकायत जब डॉ.पीजी नाजपांडे ने मप्र शासन को 3 नवंबर को भेजी थी, तब शासन ने इसके जांच हेतु उसे सतर्कता विभाग को सौंपी है। इसी के परिपेक्ष्य में मांगी गई जानकारी पर अधीक्षक, मेडीकल कॉलेजे अस्पताल जबलपुर ने 28 नवंबर को जिला सतर्कता विभाग को सूचित किया है, कि संचालनालय चिकित्सा शिक्षा के निदेर्शानुसार अमृत दीनदयाल मेडीकल से खरीदी की जा रही है। इस पत्र की प्रतिलिपि डॉ.पीजी नाजपांडे को भेजी गई है।

### जुलाई 2022 से वन विभाग ने रालामंडल अभयारण्य में शुरू की व्यवस्था

# रालामंडल में नाइट सफारी से पर्यटकों की दूरी

## सालभर में एक भी बुकिंग नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। वन विभाग ने जिस जोर-शोर से रालामंडल अभ्यारण्य में नाइट सफारी की सुविधा शुरू की थी, लेकिन उसे लेकर पर्यटकों का वैसा प्रतिसाद नहीं मिल रहा है। इस बात का अंदाजा इसे लगाया जा सकता है कि सालभर से रात में एक भी पर्यटक ने शिकारगाह से शहर को देखने में दिलचस्पी नहीं दिखाई है।



फाइल फोटो

नाइट सफारी से दूरी बनाने की दो वजह है, जिसमें पर्यटकों ने दरों को मुख्य बताया है। साथ ही कैफेट एरिया और अभ्यारण्य में बाकी स्थानों में जाने की मनाही है। मगर इंदौर वनमंडल ने टिकट दरों में संशोधन से साफ मना कर दिया है, क्योंकि यह निर्णय मुख्यालय स्तर से लिया जाता है। इसके लिए वरिष्ठ अफसरों ने पत्र भेजा था। मगर मुख्यालय में बैठे अधिकारियों ने कोई जवाब नहीं दिया है।

दरअसन मई 2022 में रालामंडल अभयारण्य में एक बैठक हुई, जिसमें तत्कालीन वनमंत्री विजय शाह के समक्ष जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने नाइट सफारी का सुझाव दिया। इसके बाद वन विभाग ने सफारी को लेकर प्रस्ताव मुख्यालय में भेजा। वहां से हरी-झंडी मिलने के बाद विभाग ने जुलाई 2022 में शुरूआत की और समय शाम 7.30 से रात 9.30 रखा गया है।

कुछ दिन अधिकारियों और नेताओं ने रात में अभयारण्य घूमा। फिर 15 अगस्त को मंत्री सिलावट ने औपचारिक उद्घाटन किया। इसके लिए दरें भी मुख्यालय से तय की गई। रात में अभयारण्य के भीतर आने के लिए प्रवेश शुल्क 12 साल से ऊपर वालों के लिए 200 और उसे छोटों को 100 रुपये रखा गया। इसके अलावा 499 रुपये में ओपन जीप बुक होती थी। तीन महीने यानी अक्टूबर 2022 तक पर्यटकों की रूचि रही। मगर बाद में धीरे-धीरे लोगों का आना कम हो गया।



### नहीं घुमाते थे बाकी जगह

पर्यटक कम होते देख वन विभाग ने कुछ लोगों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रवेश करने के बाद वनकर्मी अभयारण्य के बाकी स्थानों पर नहीं जाने देते थे। जीप में बिठाकर सीधे शिकारगाह पर लेकर जाते थे। वहां पंद्रह से बीस मिनट ही रुकवाया जाता था। यहां तक संग्रहालय भी नहीं खोला जाता था। ऐसा करने के पीछे असल वजह यह थी कि अभयारण्य में तेंदुए की संख्या अधिक हो गई है। हादसे के डर से विभाग ने बाकी जगह जाने की मनाही कर रखी। हालांकि वनकर्मी भी नाइट सफारी के पक्ष में नहीं थे, क्योंकि महिला वनकर्मियों को छोड़कर बाकी सभी को रात में ड्यूटी लगाई जाती थी।

# मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड को भूमि हस्तांतरण की सैद्धांतिक सहमति

## नगर निगम इंदौर हुकुमचंद मिल मजदूरों की समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है - महापौर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में सिटी बस आफिस के सभाकक्ष में मेयर इन कौंसिल की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर निगमायुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह, महापौर परिषद सदस्य श्री राजेन्द्र राठौर, राजेश उदावत, निरंजनसिंह चौहान, अश्विनी शुक्ल, नंदकिशोर पहाडिया, अभिषेक शर्मा, मनीष शर्मा, राकेश जैन, अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, अभय राजनगांवकर, मनोज पाठक, देवधर देवरई व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेगे।**




मेयर इन कौंसिल की बैठक में महापौर द्वारा नगर पालिक निगम, इन्दौर के स्वामित्व की हुकुमचंद मिल की भूमि की देनदारियों के निपटान एवं भूमि पर विकास योजना के संबंधित प्रकरण पर विचार करते हुए, निगम स्वामित्व की जमीन को मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड को हस्तांतरित करने की सर्वसम्मति से देने को सैद्धांतिक सहमति दी जाकर निगम परिषद में निर्णय हेतू अनुसंसा की गई।

महापौर श्री भार्गव ने बताया कि नगर निगम इंदौर हुकुमचंद मिल मजदूरों की समस्या के समाधान के लिये प्रतिबद्ध रहते हुए, पूर्व में भी प्रयास किया गया, इसी क्रम में मान. मुख्यमंत्री जी द्वारा भी हुकुमचंद मिल के मजदूरो के हित की रक्षा करते हुए, केबिनेट में प्रस्ताव पारित किया गया था।

पूर्व में नगर पालिक निगम, इन्दौर के स्वामित्व की हुकुमचंद मिल के मजदूरों की देनदारियों के निपटान एवं भूमि पर विकास योजना के संबंध में पूर्व में निगम प्रस्ताव द्वारा हुकुमचन्द मिल की भूमि के विकास एवं निराकरण के संबंध में म.प्र. औद्योगिक विकास निगम के साथ एम.ओ.यू. करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। म.प्र. शासन द्वारा उक्त प्रकरण में म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल को नगर पालिक निगम, इन्दौर के स्वामित्व की हुकुमचंद मिल की भूमि की देनदारियों के निपटान एवं भूमि पर विकास योजना के लिए अधिकृत किया जाने से नगर पालिक निगम, इन्दौर द्वारा पूर्व पारित प्रस्ताव को निरस्त किया जाकर शुन्य करने की निगम परिषद मे अनुशंसा की गई।

इसके साथ ही मान. उच्च न्यायालय की कम्पनी याचिका क्रमांक 19/2001 में दिये गये निर्णय/निदेर्शों के क्रियान्वयन तथा मजदूरों को उनका हक शीघ्र प्राप्त हो सके इस हेतु नगर पालिक निगम, इन्दौर के स्वामित्व की हुकुमचंद मिल की भूमि के हस्तारण म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल को नियमानुसार करने की सैद्धांतिक स्वीकृति की अनुशंसा भी की गई है।

विदित हो कि वर्तमान में विधानसभा निर्वाचन 2023 के क्रम में आदर्श आचरण संहिता लागू होने से मान. न्यायालय के निर्णय/निर्देश के क्रियान्वयन के क्रम में निर्वाचन आयोग से विशेष अनुमति लेते हुए, मेयर इन कौंसिल की बैठक में सर्वसम्मति से उक्त भूमि पर विकास योजना के लिए म.प्र. शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल एवं नगर पालिक निगम, इन्दौर के मध्य त्रिपक्षीय एम.ओ.यू. किये जाने की अनुशंसा की गई, साथ ही नगर निगम हितों को ध्यान में रखते हुए एम.ओ.यू की शर्तों का निर्धारण किया जाकर एम.ओ.यू. का प्रारुप शीघ्र प्रस्तुत करने हेतु मेयर इन कौसिल की बैठक में सैद्धांतिक सहमति दी गई।

# टंट्या मामा के बलिदान दिवस पर प्रतिमा पर माल्यार्पण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, जनजातीय गौरव के प्रतीक, टंट्या मामा का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर टंट्या भील चौराहे पर लगी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश युवा आयोग के अध्यक्ष डॉ निशांत खरे थे। जिन्होंने टंट्या भील को एक आदर्श क्रांतिकारी बताते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए डॉ निशांत खरे ने कहा कि प्रसिद्ध अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स में 10 नवंबर 1889 मामा टंट्या भील को रॉबिनहुड से नवाजा गया था। टंटया भील जी को रोबिन हुड इस लिए कहा जाता था क्योंकि वह अंग्रेजी हुकूमत का खजाना लूटकर भारत के जरुरतमंदों को बांट दिया करते थ। जनजाति समाज की अस्मिता व परंपराओं की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले प्रतिष्ठित क्रन्तिकारी को हम सब का प्रणाम।

# एड्स के मरीजों के लिए सबसे पहले समाज को सोच बदलना होगी

### इंडेक्स मेडिकल कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंडेक्स मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर और मालवांचल यूनिवर्सिटी द्वारा विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इंडेक्स मेडिकल कॉलेज सभागृह में एआरटी सेंटर और डिपार्टमेंट आफ कम्युनिटी मेडिसिन द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीन डॉ.जीएस पटेल ने कहा कि विश्व एड्स दिवस पर आज सरकार और सामाजिक संगठनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे है। एक दौर ऐसा भी जब एक मरीज को इलाज करने में सभी को डर लगता था। एड्स प्रति बढ़ती जागरूकता और दवाईयों के आने के साथ अब इलाज में कुछ बदलाव हुए। एड्स के मरीजों के लिए सबसे पहले समाज को सोच बदलना होगी। इस बीमारी के शुरूआती दौर में बेहतर इलाज और जागरूकता ही इसके खतरे को कम करेगी।

## कटाक्ष




# एकल अभियान के पदाधिकारियों सहित अतिथियों ने जूठन नहीं छोड़ने के संकल्प दिलाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **अग्रवाल समाज जूनी इंदौर का दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव आरएसएस के एकल अभियान के राष्ट्रीय महामंत्री अनिल मानसिंहका (मुंबई), उद्योवगपति विश्वनाथ सिंघानिया (सूरत) एवं समाजवादी विचारक रामबाबू अग्रवाल तथा अ.भा. अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री हरि अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में अग्रसेन भवन पर सौल्लास संपन्न हुआ।**

प्रारंभ में अग्रवाल समाज जूनी इंदौर के अध्यक्ष काशीनाथ गोयल, संयोजक दिनेश बंसल, त्रिलोक बंसल, गोविंद मंगल, सुरेश गोयल, मोहनलाल अग्रवाल, राजेन्द्र गुप्ता, राजकुमार बंसल, विकास जिंदल, विनोद अग्रवाल अग्रोहा आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। वरिष्ठ समाजसेवी सीताराम गोयल एवं शंकरलाल गोयल का शाल-श्रीफल से सम्मान भी किया गया। विभिन्न अग्रवाल संगठनों की ओर से सुरेश गुप्ता अन्नपूर्णा, संतोष गोयल, गोविंद सिंघल, पार्षद मृदुल अग्रवाल, शैलेष गर्ग, पूर्व विधायक गोपी कृष्ण नेमा, बालकृष्ण अरोरा आदि भी उपस्थित थे। अतिथियों ने इस मौके पर सभी अग्र परिवारों को अन्न का अपमान नहीं करने, फिजूल खर्ची रोककर व्यसनों से दूर रहने के संकल्प दिलाए। उन्होंने उपस्थित समाजबंधुओं का आव्हन किया कि वे उतना ही लें थाली में, जूठन न जाए नाली में इस मौके पर अ.भा. अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं राष्ट्रीय महामंत्री हरि अग्रवाल, दिनेश गोयल पचौर वाले, रसनिधि गुप्ता, नंदकिशोर अग्रवाल का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के सूत्रधार एवं समन्वयक थे दिनेश जिंदल। आभार माना महामंत्री राजेन्द्र गुप्ता ने। आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ।

# मंशापूर्ण काल भैरव मंदिर में भव्यता के साथ मनेगी काल भैरव अष्टमी

**इंदौर**। इंदौर में किला मैदान स्थित प्राचीन मंशापूर्ण काल भैरव मंदिर में सोमवार को भैरव अष्टमी से एक दिन पहले बाबा काल भैरव का अभिषेक किया। इसके बाद भक्तों के लिए हवन का आयोजन किया गया। शाम को भगवान का श्रृंगार कर हवा बंगला सजाया गया। मंदिर के सेवक निलेश गोयल ने बताया कि काल भैरव अष्टमी के अवसर पर मंगलवार को मंदिर में अष्ठ प्रहर की आठ आरती का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरूआत सुबह 5 बजे की पहली आरती से होगी और अंतिम आरती रात 12 बजे शयन आरती के रूप में आयोजित की जाएगी। शाम 7 बजे आयोजित महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस महाआरती में हजारों की संख्या में भक्तों के साथ पुलिस बैंड भी शिरकत करेगा। इस वर्ष हमने भक्तों के लिए 800 किलो का मीठे प्रसाद के वितरण की व्यवस्था की गई है।

# तहसीलदार दिलीप कुमार वर्मा निलंबित

**इंदौर** । संभागायुक्त मालसिंह ने जूनी इंदौर तहसीलदार श्री दिलीप कुमार वर्मा को अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने, विधि अनुरूप कार्य नहीं करने आदि कारणों से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्यवाही कलेक्टर इंदौर डॉ. इलैयाराजा टी के प्रस्ताव पर की गई है। प्रस्ताव अनुसार तहसीलदार जूनी इन्दौर श्री वर्मा के द्वारा विधि अनुरूप कार्यवाही ना किये जाने एवं पद का दुरुपयोग करते हुए व्यक्ति विशेष एवं स्वयं को अवांछित लाभ पहुँचाने की मंशा से मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के प्रावधानों के विपरीत बिना अधिकारिता के आदेश पारित किये जाने का उल्लेख है। श्री वर्मा का मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय इंदौर निर्धारित किया गया है।

# 15 सीटों पर प्रत्याशियों को भारी पड़ा नोटा हार-जीत के अंतर से ज्यादा वोट इसमें पड़े




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नोटा का प्रयोग 2013 के चुनाव से आरंभ हुआ था। यदि कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं हो तो वोटर यह बटन दबा सकता है। मप्र विधानसभा चुनाव 2013 में 1.90, वर्ष 2018 में 1.42 और 2023 में 0.98 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का उपयोग किया।**

प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के परिणाम घोषित हो गए हैं। कुछ विधानसभा क्षेत्र ऐसे रहे हैं, जहां विजयी मतों पर नोटा भारी रहा है। यानी जितने अंतर से हार जीत हुई, उससे ज्यादा वोट नोटा 'उक्त प्रत्याशियों में से कोई पसंद नहीं' को मिले हैं। यदि नोटा के मत किसी दल के प्रत्याशी को मिलते तो उसकी हार जीत में बदल जाती। ऐसी ही एक सीट शाजापुर की है, जहां भाजपा के अरुण भीमावद ने कांग्रेस के कद्दावर नेता व पूर्व मंत्री हुकुमचंद कराड़ा को 28 मतों से पराजित किया, जबकि यहां नोटा में 1534 मत दिए गए। इसी तरह प्रदेश में शिवराजसिंह मंत्रिमंडल के मंत्री कमल पटेल हरदा में 870 मतों से हार गए परंतु वहां नोटा में 2375 मत आए। मतदाता की पसंद जब कोई उम्मीदवार नहीं होता है तो इस तरह की स्थिति बनती रहेगी। राइट टू रिकॉल और नोटा अब मतदाताओं के लिए असरदार उपाय है, जिसे वोटर अपनी मर्जी से इस्तेमाल कर सकता है। अब उम्मीदवारों को भी अपने प्रचार के दौरान मतदाताओं को आगाह करना होगा कि नोटा के बजाय हमें मौका दें।

### इन सीटों पर हार जीत में नोटा भारी

| विधानसभा क्षेत्र | विजयी दल | मतों से जीत | नोटा में पड़े मत |
|---|---|---|---|
| मांधाता | भाजपा | 589 | 1544 |
| धरमपुरी | भाजपा | 356 | 2455 |
| शाजापुर | भाजपा | 28 | 1534 |
| गुन्नौर | भाजपा | 1160 | 2012 |
| सोहागपुर | भाजपा | 1762 | 2362 |
| भीकनगांव | कांग्रेस | 603 | 1799 |
| राजपुर | कांग्रेस | 890 | 1683 |
| मनावर | कांग्रेस | 708 | 1814 |
| महिदपुर | कांग्रेस | 290 | 1417 |
| सेंधवा | कांग्रेस | 1677 | 5098 |
| थांदला | कांग्रेस | 1340 | 3108 |
| गोहद | कांग्रेस | 697 | 790 |
| हरदा | कांग्रेस | 870 | 2375 |
| सेमरिया | कांग्रेस | 637 | 1068 |
| टिमरनी | कांग्रेस | 950 | 2561 |

### 2013 से मिला नोटा का अधिकार

जो भी हो इस बार 2023 में प्रदेश में कुछ सीटों पर नोटा की अहम भूमिका रही। नोटा का प्रयोग 2013 के चुनाव से आरंभ हुआ था। यदि कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं हो तो वोटर यह बटन दबा सकता है। मप्र विधानसभा चुनाव 2013 में 1.90, वर्ष 2018 में 1.42 और 2023 में 0.98 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का उपयोग किया। जाहिर है नोटा के इस्तेमाल का प्रतिशत धीरे-धीरे कम होता जा रहा है।

# नेहरू स्टेडियम जल्द ही मिलेगा खिलाड़ियों को

## यह पहली बार हो रहा है जब निर्वाचन के कुछ दिन बाद ही स्टेडियम खाली होकर मिलेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की पहल पर खिलाड़ियों की सुविधा के लिये नेहरू स्टेडियम उन्हें जल्द ही लौटाया जायेगा। निर्वाचन के बाद यह पहली बार हो रहा जब स्टेडियम शीघ्र खाली होकर खिलाड़ियों को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इंदौर में विधानसभा निर्वाचन की विभिन्न व्यवस्थाओं और गतिविधियों के लिये नेहरू स्टेडियम लिया गया था। इस स्टेडियम से गत 17 नवम्बर को मतदान के लिये सामग्री वितरण की गई थी और 3 दिसम्बर को मतगणना का कार्य संपन्न कराया गया था।**



कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की पहल पर स्टेडियम को निर्वाचन की 3 दिसम्बर को मतगणना समाप्ति के तुरंत पश्चात से ही खाली करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। रात होते-होते ही स्ट्रांग रूम से सभी ईव्हीएम और इससे संबंधित अन्य सामग्रियां कड़ी सुरक्षा के साथ कलेक्टर कार्यालय के समीप बने ईव्हीएम वेयर हाउस में सुरक्षित रूप से रखवा दिये गये हैं। अन्य कुछ और सामग्रियां भी आज खाली कर अन्य कमरे भी खाली कर दिये जायेंगे। जिला प्रशासन द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि जिस स्थिति में नेहरू स्टेडियम लिया गया था, उसी स्थिति में मरम्मत और सुधार कर लोटाया जाये। यह पहली बार हो रहा है जब मतगणना के तुरंत पश्चात ही नेहरू स्टेडियम खाली होकर खिलाड़ियों को मिलेगा।

## 65 दिन का हुआ सर्दी का सीजन

# मिचोंग तूफान बेअसर होते ही 2 दिन बाद ठंड बढ़ेगी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बंगाल की खाड़ी के चक्रवाती तूफान मिचोंग की वजह से दिसंबर के शुरुआती दिनों में ठंड का ज्यादा असर नहीं दिख रहा है। रविवार को धूप खिलने के बाद सोमवार को एक बार फिर बादल छा गए। सुबह भी कोहरा छाया रहा और इस वजह से दृश्यता घटकर 1200 मीटर रह गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस कम था।

### 6 दिसंबर के बाद तापमान गिरेगा

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक शहर में दो दिन ऐसे ही हालात रहेंगे। 6 दिसंबर के बाद से ठंड असर दिखाएगी। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम हो रहा है, लेकिन चक्रवाती तूफान मिचोंग के कारण दिन और रात का तापमान कम नहीं हो रहा है। हवा का पैटर्न उत्तर-पूर्वी से बदलकर पूर्वी हो गया है, जिससे तापमान में गिरावट नहीं हो रही है।

# नेपाल में पंडित मंडलोई ज्योतिर्विद्या वाचस्पति अवार्ड से सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित इंडो नेपाल इंस्परूचल एंड एस्ट्रोलोजीकल सम्मिट काठमांडू एंड पोखरा में नेपाल के पूर्व राष्ट्रपति परमानंद झा ने पंडित हरिओम मंडलोई को पीएचडी मानक उपाधि ज्योतिर्विद्या वाचस्पति डाक्टरेड व इन्डो नेपाल एकोलन्ट अवार्ड 2023 से सम्मानित किया। काठमांडू में फखफअर के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महासंघ द्वारा आयोजित ज्योतिषीय सम्मेलन की भव्यता दिव्यता को मूर्त रूप देने का जो अथक प्रयास पंकजजी व शनि संजीव शर्मा ने किया वह अत्यंत प्रशंसनीय है। उत्तम व्यवस्था के मध्य एक यादगार सम्मेलन जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में हम सबको नेपाल राष्ट्र के प्रथम उपराष्ट्रपति व ज्योतिष जगत के पितामह अनिल वत्स , गुरु मां उषा सिंह एवं अनेक महान विभूतियों का सानिध्य मिला। हमें विश्वास है ये यात्रा सबके के लिए एक यादगार ज्योतिष सम्मेलन के रूप में याद की जाएगी। पुनः सभी अतिथियों व आयोजकों का हृदय से आभार विशेष रूप से डा. सुदेशजी व डा. शमा शर्मा और संस्था के समस्त पदाधिकारी गण का आभार है।

# श्री नाथजी का श्रृंगार, 56 भोग आकर्षण का केंद्र रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्री मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार महिला समिति, नृसिंह बाजार, इन्दौर द्वारा अन्नकूट महोत्सव कीमती गार्डन, धार रोड, इन्दौर में सानंद संपन्न हुआ। श्री नाथजी का श्रृंगार, 56 भोग आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में महिला समिति ने समाज की वरिष्ठ 70 वर्ष से अधिक उम्र की समाजसेवी महिलाओं का शाल श्रीफल से स्वागत व सम्मान किया। सम मुख्य अतिथि के रूप में समाज के अखिल भारतीय स्वर्णकार संगठन, नईदिल्ली की प्रांतीय इकाई मध्यप्रदेश के अध्यक्ष मुकेश सोनी इंजीनियर का स्वागत समिति की अध्यक्ष डा. प्रमिला सोनी ने शाल श्रीफल से किया । साथ ही इनके संगठन के मुख्य पदाधिकारी महासचिव अश्विनीकुमार वर्मा बागा व कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी पाचम का सम्मान भी किया गया। मुख्य अतिथि ने महिला समिति के इस आयोजन से अभिभूत होकर कहा कि महिलाओं द्वारा किया गया । सभी ने अन्नकुट की प्रसादी ग्रहण की व महिला समिति के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन समिति की सचिव श्रीमती गीता कड़ेल ने किया व आभार श्रीमती अंजलि बुट्टन ने व्यक्त किया।

# भैरव अष्टमी पर आज धार्मिक अनुष्ठान

इंदौर। शहर में काल भैरव अष्टमी 5 दिसंबर को मनाई जाएगी। भैरव मंदिरों में सुबह से शाम तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे। इस दौरान मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ, हवन-पूजन, और छप्पन भोग समर्पित करके महाआरती होगी। मंदिरों में विद्युत सज्जा के साथ पुष्प बंगला सजाया जाएगा। इसी कड़ी में विमानतल मार्ग स्थित विद्याधाम में मंगलवार को महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सान्निध्य में एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में बटुक भैरव अष्टमी पर विभिन्न अनुष्ठान किए जाएंगे। आश्रम परिवार के यदुनंदन माहेश्वरी, पं. दिनेश शर्मा और राजेंद्र महाजन ने बताया कि सुबह 8.30 बजे बटुक भैरवजी का रूद्राभिषेक, शोडषोपचार पूजन और दुग्धाभिषेक किया जाएगा। शाम को 5 बजे 56 भोग समर्पित किए जाएंगे। महाआरती होगी। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इस मौके पर विद्युत सज्जा और पुष्प बंगला सजाया जाएगा। साथ ही बटुक भैरव के साथ शीतलामाता और मां अन्नपूर्णा माता का भी पूजन होगा। माताजी का श्रृंगार भी किया जाएगा।

# इंदौर में ब्रेन-स्पाइनल कॉर्ड के जोड़ पर ट्यूमर की सर्जरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ब्रेन और रीढ़ की हड्डी के जोड़ पर ट्यूमर से पिछले करीब एक साल से जूझ रही महिला को इंदौर में नयी जिंदगी मिली है। ट्यूमर के कारण गले और ब्रेन तक खून पहुंचाने वाली नसों में ब्लॉकेज हो गया था। इससे महिला के एक हाथ और एक पैर में लकवा हो गया था। डॉक्टरों की टीम ने 12 घंटे की सर्जरी के बाद ट्यूमर निकालने में सफलता हासिल की। मामला सिमरोल के पास रहने वाली एक 36 वर्षीय महिला का है। उसे एक साल से एक हाथ और पैर के मूवमेंट में तकलीफ थी। इससे वह बमुश्किल काम कर पाती थी। कुछ समय बाद हाथ और पैर लकवाग्रस्त हो गए। एमआरआई जांच में पता चला कि ब्रेन और रीढ़ की हड्डी के बीच एक बड़ा ट्यूमर है। 15 दिन पूर्व उक्त महिला ने इंदौर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में जांच कराई। उसकी ब्लड, शुगर आदि की जांच सामान्य थी। महिला का फिर से एमआरआई टेस्ट किया गया। इसमें पता चला कि महिला के ब्रेन और रीढ़ की हड्डी के जंक्शन पर 4X3X3 सेमी का एक ट्यूमर है। ट्यूमर की साइज बढ़ने की आशंका थी, जिसके चलते उसे निकाला जाना जरूरी था।

# कौना होगा सीएम?

## विचार मंथन का दौर जारी

## दिल्ली में शाह-नड्डा से मिले प्रह्लाद पटेल, आज पीसी करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि प्रदेश का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा? पार्टी में इसी को लेकर विचार मंथन का दौर जारी है। भोपाल से लेकर दिल्ली तक हलचल तेज है। भाजपा के सभी केंद्रीय पदाधिकारी और मंत्री दिल्ली में हैं।

संसद का शीतकालीन सत्र भी चल रहा है। मंगलवार 5 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह सांसदों के साथ बैठक करेंगे। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि इस बैठक में नई सरकार के गठन और सीएम चेहरे पर भी चर्चा हो सकती है।

नरसिंहपुर से विधायक चुने गए केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल मंगलवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। इससे पहले उन्होंने दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की।



### सिंघार ने मांगी माफी

कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद विधायक उमंग सिंघार ने दिग्विजय सिंह से माफी मांगी है। उन्होंने ट्वीट किया, कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के मार्गदर्शन में हर कार्यकर्ता ने मजबूती से चुनाव लड़ा। हम सब संगठित और एक हैं। भविष्य की लड़ाई के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगे लिखा, मेरे पूर्व के किसी भी आचरण से दिग्विजय सिंह के सम्मान में कोई भी ठेस पहुंची हो तो क्षमा प्रार्थी हूं। सिंघार ने कमलनाथ के कार्यकाल में दिग्विजय सिंह पर पर्दे के पीछे से सरकार चलाने का आरोप लगाया था। 2020 में कांग्रेस सरकार गिरने का जिम्मेदार भी दिग्विजय सिंह को बताया था। उमंग को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने की अटकलें हैं। वहीं, मंगलवार सुबह दिग्विजय सिंह की पत्नी अमृता ने फेसबुक पर पोस्ट किया, उसी को जीने का हक है, जो इस जमाने में इधर का लगता रहे और उधर का हो जाए।

### शिवराज का परिवार के साथ होटल में डिनर

चुनाव से फ्री होने के बाद सीएम शिवराज सिंह परिवार के साथ भोपाल के एमपी नगर स्थित एक होटल पर पहुंचे। सोमवार रात उन्होंने पत्नी साधना सिंह और दोनों बेटे कार्तिकेय और कुणाल के साथ डिनर किया। लंबे समय से चुनावी व्यस्तता के बाद सीएम शिवराज सिंह रिलैक्स मूड में नजर आए।

### यह रहा सोमवार का सियासी घटनाक्रम...

- पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सीएम हाउस पहुंचकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बधाई दी। बेटे नकुलनाथ भी साथ रहे। ष्टरू हाउस में दिन भर आना-जाना लगा रहा।
- हार के बाद गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने दतिया में कहा, जनादेश को सिर-माथे पर लेना चाहिए। मैं लौटकर आऊंगा, ये वादा है। मैं ज्यादा देर शांत रहने वाला जीव नहीं।
- शाजापुर में पथराव को लेकर नवनिर्वाचित भाजपा विधायक अरुण भीमावत ने कहा, मेरे कार्यकर्ता पर हाथ उठाया है। कानून ऐसी सजा देगा कि नानी-दादी याद आ जाएगी।
- मुख्य सचिव वीरा? राणा ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगू भाई पटेल से मुलाकात की। दोनों के बीच मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह को लेकर चर्चा हुई है।
- बसपा सुप्रीमो मायावती ने ट्वीट किया, चुनाव के पूरे माहौल को देखते हुए ऐसा विचित्र परिणाम लोगों के गले के नीचे उतर पाना बहुत मुश्किल है। यह रहस्यात्मक मामला है।

## ग्रामीणों ने गर्भवती को कंधे पर बैठाकर नदी पार कराया

### ◆ पुल न होने का दंश झेल रहे ग्रामीण गांव तक नहीं पहुंचती एम्बुलेंस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल। जिले के आदिवासी अंचलों में सडक़ों का अभाव और नदियों पर पुल-पुलिया का न होना आज भी मुसीबत का सबब बना हुआ है। इसकी समस्या को भीमपुर विकासखंड में देखा जा सकता है जाती है। ऐसा ही नजारा फिर एक बार सामने आया। जब पुल न होने से एम्बुलेंस के गांव तक न पहुंच पाने की वजह से ग्रामीणों को एक गर्भवती को कंधे पर लादकर नदी पार कराना पड़ा।**

जिले के भीमपुर ब्लॉक के ग्राम भटबोरी निवासी समाय पति बबलू अखंडे को प्रसव पीड़ा हुई। गांव में आने-जाने के लिए रास्ता नहीं होने के कारण एम्बुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती। गांव में जाने-आने के लिए ताप्ती नदी पार करना पड़ता है।

जब महिला को प्रसव पीड़ा हुई, तो परिजनो ने गर्भवती महिला को कपड़े का झूला बनाकर उसमें बैठाया और कंधे पर लादकर कमर तक पानी से होते हुए नदी पार कराई। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता नहीं होने के कारण मजबूरी के कारण उन्हें नदी पार करते हुए आना-जाना पड़ता है।

सबसे ज्यादा समस्या तब होती है, जब किसी गर्भवती महिला को प्रसव के लिए अस्पताल तक पहुंचाना पड़ता है। नदी पार कराने के बाद महिला के परिजनों ने निजी एम्बुलेंस के माध्यम से प्रसव के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

महिला को अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस तक नहीं मिल पाई। महिला के परिजनों का कहना है कि उन्होंने कई बार एम्बुलेंस को कॉल किया, लेकिन एम्बुलेंस नहीं मिल पाई। जोखिम भरा सफर तय कर गर्भवती को अस्पताल पहुंचाया। इस नजारे को जिसने भी देखा सब लोग हैरत में रह गए।

नदी पर नही है पुल ग्रामीणों का कहना है कि भीमपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत डोडाजाम के ग्राम भटबोरी जाने के लिए कोई सडक मार्ग नहीं है। गांव तक पहुंचने के लिए ताप्ती नदी को पार करना होता है।तब जाकर ग्रामीण गांव आना-जाना करते है। यहां वाहन भी नहीं जा पाते है। पैदल आना-जाना पड़ता है।

गांव में मोबाइल नेटवर्क की भी समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से नदी पर पुलिया बनाकर रास्ता बनाने की मांग की। हालांकि किसी ने भी ग्रामीणों की समस्या पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया।

नतीजा यह है कि आज भी ग्रामीण आने-जाने के लिए परेशान होते रहते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी तो उस समय होती है। जब बारिश का समय रहता है।

## शिवपुरी में 1 इंच से ज्यादा बारिश, ग्वालियर में बूंदाबांदी

### कई जिलों में छाया कोहरा; इस हफ्ते दिन में धूप, रातें रहेंगी सर्द

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में सोमवार को भी मौसम सर्द रहा। कई जिलों में सुबह घना कोहरा छाया रहा। कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। शिवपुरी में तो दिनभर में एक इंच से ज्यादा पानी गिरा। वहीं ग्वालियर में बूंदाबांदी होती रही।**

सोमवार को ग्वालियर प्रदेश में सबसे ठंडा शहर रहा। यहां दिन का पारा 5.1 डिग्री लुढ़क गया। न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में 4.9 डिग्री की गिरावट के साथ न्यूनतम 24.9 डिग्री, इंदौर में 26.2 डिग्री, जबलपुर में 29.4 डिग्री और उज्जैन में 23.8 डिग्री रहा।

बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान मिचौंग का असर मध्यप्रदेश के शहडोल, जबलपुर संभाग और आसपास होने की संभावना है। राजधानी समेत प्रदेश के ज्यादातर जिलों में बारिश हो सकती है। मिचौंग 5 दिसंबर को आंध्र के तट से टकराएगा।

मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन का कहना है कि अगले 5 से 6 दिन तक दिन में धूप और रातें सर्द रहेंगी। 11 और 12 दिसंबर को फिर से बारिश का दौर शुरू होगा।

### पचमढ़ी की रात सबसे ठंडी

मध्यप्रदेश में रविवार को सबसे ठंडी रात पचमढ़ी में 13.8 डिग्री रही। खरगोन में 14.2 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। सबसे ज्यादा न्यूनतम तापमान नर्मदापुरम में 20.4 डिग्री रहा।

## शिकार के लिए जंगली सुअर पर झपटा बाघ

### संघर्ष के बाद छोड़कर भागा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के रमरमा से एक हैरान करने वाला वीडियो सामने आया है। वीडियो में एक बाघ और जंगली सुअर में संघर्ष होते दिख रहा है। सुअर के आक्रामक तेवरों के कारण बाघा उसका शिकार नहीं कर सका। बालाघाट जिले के रमरमा में एक बाघ ने शिकार के लिए सुअर पर हमला किया। सुअर भी हमलावर हो गया और टाइगर से भिड़ गया। कुछ देर के संघर्ष के बाद सुअर ने टाइगर को खदेड़ दिया।

बाघ और सुअर की लड़ाई को वन विभाग की टीम ने अपने कैमरे में कैद किया। अंत में सुअर अपनी जान बचाने में कामयाब हो गया। जानकारों का मानना है कि जंगली सुअर भी कम शक्तिशाली नहीं होते। यही कारण है कि बाघ सुअरों का शिकार उनके सामने से नहीं करते बल्कि पीछे से करते हैं।

## तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े डंपर से टकराई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** रातीबड़ थाना इलाके में शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात एक तेज रफ्तार कार सडक़ किनारे डंपर में पीछे से भिड़ गई। घटना के समय डंपर का ड्रायवर वाहन का टायर बदलने के बाद टायर को गाड़ी में रख रहा था। अचानक हुए हादसे से टायर ड्राइवर की पकड़ से छूटकर उसके पैर पर गिर गया जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई है। वहीं कार के एयरबैग खुलने से उसमें सवार युवक मामूली रुप से घायल हुए है। पुलिस के मुताबिक नई बस्ती सिकंदराबाद, रातीबड़ में रहने वाले 32 वर्षीय विनोद रावत ने पुलिस को बताया कि वह डंपर चलाता हैं। शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात वह डंपर लेकर कमला नगर से रातीबड़ की ओर जा रहा रहा था। रास्ते में भदभदा पुलिस चौकी के पास टायर पंचर होने पर उसने डंपर सडक़ किनारे लगाकर पंचर टायर बदला। रात करीब सवा एक बजे वह पंचर टायर को रखने के लिये उसे कैबिन पर चढ़ा रहा था। तभी डंपर के पीछे तेज रफ्तार लग्जरी कार आकर टकरा गई। कार की स्पीड इतनी अधिक थी की डंपर हिल गया जिसके कारण चालक विनोद रावत के हाथ से काफी भारी टायर छूट कर उसके पैर पर गिर गया।

## थाने से हथकड़ी फिसलाकर फरार जालसाज ससुराल से गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **भोपाल।** शहर के बैरागढ़ थाने से पुलिस अभिरक्षा से हथकड़ी से हाथ फिसलाकर फरार हुए जालसाज को बैरागढ़ पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। थाने से भागने के बाद आरोपी रायसेन में अपनी ससुराल में जाकर छिपा था, और वहॉ से कहीं और भागने की तैयारी में था। जानकारी के अनुसार ग्राम इंद्रवास थाना ग्यारसपुर विदिशा निवासी राजकुमार अहिरवार के खिलाफ जालसाजी के मामले दर्ज है। एक अपराधिक प्रकरण में वह सीहोर जेल में बंद था। उसके खिलाफ बैरागढ़ थाने में भी धोखाधड़ी का मामला दर्ज था। वह कई महिलाओं को बैंक खाते खुलवाने का झांसा देकर उनके पैसै लेकर चंपत हो गया था। इस मामले में बैरागढ़ पुलिस पूछताछ के लिए राजकुमार को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई थी। 26 नवंबर की सुबह करीब 6 बजे शातिर थाने से हथकड़ी से हाथ निकालकर भाग गया था। मामले में एक सिपाही को सस्पेंड किया गया था। पुलिस संरगर्मी से उसकी तलाश कर रही थी, इसी बीच टीम को सूचना मिली की फरार आरोपी राजकुमार ग्राम देवनगर, रायसेन में अपनी ससुराल में छिपा हुआ है।

New Delhi

# NCRB की रिपोर्ट: दिल्ली में रोज तीन महिलाओं से होता है दुष्कर्म, राजधानी को बताया सबसे असुरक्षित

नई दिल्ली, (एजेंसी) राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर है। यहां पर हर रोज तीन महिलाओं की आबरू लूटी जाती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा तीन दिसंबर को जारी वर्ष 2022 की रिपोर्ट में ये दावा किया है। इसमें बताया गया है कि यहां 2022 में एक दिन में दुष्कर्म के तीन मामले दर्ज किए गए। वहीं, 28 हजार 522 मर्डर केस दर्ज हुए, यानी हर दिन 78 हत्याएं हुईं। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं के खिलाफ अपराध में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि पिछले साल की तुलना में साल 2022 में 19 महानगरों में इस तरह के मामलों में 12.3 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई थी।



ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार, 20 लाख से अधिक आबादी वाले 19 महानगरों (अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली, गाजियाबाद, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, कोझिकोड, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पटना, पुणे और सूरत) में 2022 के दौरान महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48,755 मामले दर्ज किए गए, जो 2021 (43,414 मामले) की तुलना में 12.3 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। दिल्ली में 72.4 प्रतिशत की चार्जशीट दर के साथ महिलाओं के खिलाफ अपराध के 14,158 मामले दर्ज किए गए।

ब्यूरो ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि साल 2022 में शहर में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 14,158 घटनाएं दर्ज की गईं, जो लगातार तीसरे साल 19 महानगरीय शहरों में सबसे अधिक है। हर एक लाख महिलाओं पर लगभग 186.9 अपराध दर्ज किए गए। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार इसमें 1,204 दुष्कर्म के मामले शामिल हैं।

Bihar

## बुर्का पर बवाल; स्कूल में नकाब लगाकर आने से रोका तो मचा हंगामा, प्रिंसिपल को हत्या की धमकी

शेखपुरा, (एजेंसी) बिहार के एक स्कूल में फिर हिजाब पर हंगामा मच गया है। प्रिंसिपल ने बुर्का पहनकर आने पर रोक लगाई तो अभिभावकों ने न सिर्फ हंगामा किया बल्कि प्रिंसिपल को जान से मार देने की धमकी दी। इसे धर्म से जोड़कर देखे जाने के बाद जहां स्कूल में पठन पाठन की स्थिति बिगड़ गई है तो स्थानीय लोगों में तनाव पनप रहा है। मामला शेखपुरा जिले का है। जिले के शेखोपुरसराय नगर पंचायत में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय चारूआवां की इस घटना से शिक्षा विभाग भी परेशान है। डीईओ के स्तर पर मामले में छानबीन की जा रही है। स्कूल प्रशासन ने बुर्का पहनने वाली छात्राओं पर प्रतिबंध लगाया था। कुछ छात्राओं को एचएम सत्येंद्र चौधरी ने बुर्का न पहन कर आने की हिदायत दी। इस बात पर छात्राओं ने अपने परिजनों से शिकायत कर दी। उसके बाद अभिभावक उग्र हो गए और अन्य ग्रामीणों के साथ विद्यालय आकर प्रधानाध्यापक को खरी खोटी सुनाई। साथ ही कहा कि बुर्का पहनन उनकी धार्मिक आस्थाओं से जुड़ा है और स्कूल आने से ऐसी छात्राएं को कोई नहीं रोक सकता।

Uttarpradesh

## डेस्क पर 'जय श्रीराम' लिखा तो भड़की टीचर, छात्र के चेहरे पर डाला व्हाइटनर, रोते हुए घर पहुंचा स्टूडेंट तो मचा बवाल

**गाजियाबाद, (एजेंसी)** यूपी के गाजियाबाद स्थित एक मिशनरी स्कूल से चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां 7वीं कक्षा के एक छात्र द्वारा डेस्क पर 'जय श्रीराम' लिखने के चलते महिला टीचर अपना आपा खो बैठी. उसने गुस्से में छात्र के मुंह पर व्हाइटनर लगाकर भरी क्लास में उसे अपमानित किया. जैसे ही इसकी सूचना घरवालों और हिंदूवादी संगठनों को लगी, उन्होंने स्कूल के बाहर बवाल काट दिया. मौके पर भारी पुलिस बल भी पहुंच गया. मामले की शिकायत स्कूल प्रबंधन से की गई, जिसके बाद आरोपी टीचर को बर्खास्त कर दिया गया. बता दें कि पूरा मामला गाजियाबाद के थाना मसूरी इलाके में स्थित होली ट्रिनिटी नाम के मिशनरी स्कूल का है. जहां पढ़ने वाले कक्षा सात के छात्र इशांत चौहान के साथ महिला टीचर ने बुरा व्यवहार किया. इशांत का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने क्लास में अपनी डेस्क पर 'जय श्री राम' लिख दिया था.

Chennai

## मिचौंग तूफान... चेन्नई में भयंकर बारिश, 8 लोगों की मौत

**चेन्नई, (एजेंसी) चक्रवाती तूफान मिचौंग तेजी से तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश की ओर बढ़ रहा है. तमिलनाडु के कई शहरों में मूसलाधार बारिश के साथ तेज हवाएं चल रही हैं. चेन्नई में इतनी भयंकर बारिश हो रही है कि सड़कों पर गाड़ियां नाव की तरह बहती दिखाई दी हैं. आज यानी 05 दिसंबर की दोपहर तक मिचौंग तूफान आंध्र प्रदेश के तट से टकरा सकता है. तूफान की टक्कर से पहले ही पूर्वी तट के 5 राज्य अलर्ट मोड पर हैं. बता दें, नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच में ये तूफान जमीन से टकराएगा जिसके बाद इसकी गति में कमी आएगी.**

चेन्नई में भारी बारिश के कारण 12 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं. वहीं, कई ट्रेनों को भी रद्द कर दिया गया है. साथ ही, स्कूलों में भी छुट्टी घोषित कर दी गई है. चेन्नई में भारी बारिश के चलते आठ लोगों की मौत की भी खबर सामने आई है. बता दें, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने अधिकारियों को राहत उपाय करने के लिए हाई अलर्ट रहने का निर्देश दिया है. भीषण चक्रवाती तूफान के प्रभाव से आंध्र प्रदेश में हो रही भारी बारिश को देखते हुए राज्य सरकार ने 8 जिलों -तिरुपति, नेल्लोर, प्रकाशम, बापटला, कृष्णा, पश्चिम गोदावरी, कोनसीमा और काकीनाडा के लिए अलर्ट जारी किया है.

खेल

# नीरज ने बुमराह को दी रफ्तार बढ़ाने की सलाह, तरीका भी बताया, विश्व कप फाइनल को लेकर कही यह बात

**नई दिल्ली, (एजेंसी) नीरज की बात करें तो 2023 उनके लिए शानदार रहा था। वह विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। नीरज भारत के महान एथलीट्स में से एक हैं। एशियाई खेलों में उन्होंने लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नीरज का अगला बड़ा असाइनमेंट 2024 पेरिस ओलंपिक है।**



भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को क्रिकेट में भी काफी रुचि है। वह हाल ही में हुए विश्व कप फाइनल को देखने के लिए अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मौजूद थे। हालांकि, उस मैच में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। उस मैच के दो हफ्ते बाद नीरज चोपड़ा ने क्रिकेट के कई पहलुओं को लेकर बयान दिया है। उन्होंने अपने पसंदीदा पेसर का नाम लिया है। नीरज ने उस पेसर को अपनी स्पीड और बढ़ाने के लिए सलाह भी दी है। उन्होंने जेवलिन थ्रो के अनुभव को बताते हुए उस पेसर को गति बढ़ाने की सलाह दी।

टोक्यो ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने जसप्रीत बुमराह को अपना पसंदीदा तेज गेंदबाज बताया है। नीरज ने कहा- मुझे बुमराह पसंद हैं। उनकी बॉलिंग एक्शन यूनिक है। मुझे लगता कि बुमराह अपना रन अप लंबा करना चाहिए ताकि उनकी गति बढ़े। यह मैं अपने जेवलिन थ्रो के अनुभव से बता रहा हूं। हम अक्सर बात करते हैं कि गेंदबाजों को किस प्रकार गति बढ़ानी चाहिए। अगर वह थोड़ा पीछे से अपना रन अप लें तो यह संभव है। मुझे बुमराह का स्टाइल पसंद है।

सिनेमा

# नहीं रहे CID के फ्रेडरिक्स

## 57 साल की उम्र दिनेश फडनीस ने दुनिया को कहा अलविदा..



CID में फ्रेडरिक्स का किरदार निभाने वाले अभिनेता दिनेश फडनीस का निधन हो गया है. वह 57 साल के थे. सीआईडी में दया का किरदार निभाने वाले को-एक्टर दयानंद शेट्टी ने बताया कि उनका निधन देर रात 12 बजे मल्टीपल ऑर्गन फेलियर से हुआ. भाव पुष्प समर्पयामि

## संपादकीय

# बड़ी चुनौती

ऐसी अनेक दुर्घटनाओं में देखा गया कि सडक़ों की चौड़ाई समान न होने, मोड़ों पर उचित चौड़ाई और किनारों की उठान न होने, उनके किनारे समुचित सुरक्षा बाड़ न लगी होने या फिर उल्टी दिशा से गलत ढंग से वाहनों के प्रवेश पर रोक का इंतजाम न होने आदि की वजह से दुर्घटनाएं अधिक होती हैं। सडक़ हादसों पर काबू पाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। तमाम जागरूकता अभियानों, यातायात नियमों में कड़ाई, भारी जुर्माने के प्रावधान तथा सडक़ों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी आदि की व्यवस्था के बावजूद हर वर्ष सडक़ दुर्घटनाओं और उनमें घायल होने तथा मरने वालों की संख्या कुछ बढ़ी हुई ही दर्ज होती है। आमतौर पर इसकी वजहों में तय सीमा से अधिक रफ्तार और नशे में वाहन चलाना, यातायात नियमों का पालन न करना माना जाता है। मगर खुद केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने इसका बड़ा कारण सडक़ों को बनाने में गलत अभियांत्रिकी को माना है। भारतीय सडक़ कांग्रेस के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हर वर्ष करीब पांच लाख सडक़ दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें करीब डेढ़ लाख लोगों की मौत हो जाती है और साढ़े तीन लाख लोग घायल हो जाते हैं। इस तरह देश के सकल घरेलू उत्पाद का तीन फीसद नुकसान होता है। दुर्घटनाग्रस्त होने वालों में आधे से अधिक पैंतीस साल से कम उम्र के युवा होते हैं। परिवहन मंत्री ने सम्मेलन में मौजूद इंजीनियरों से अपील की कि वे सडक़ निर्माण में सही अभियांत्रिकी का उपयोग कर इस तरह देश के जन-धन के नुकसान को रोक सकते हैं। बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने की दृष्टि से सबसे अधिक सडक़ों के निर्माण पर जोर दिया जाता है। इसमें तेज रफ्तार और भारी वाहनों को ध्यान में रखते हुए सडक़ों के विस्तार की योजनाएं बनाई जाती हैं। निश्चित रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों और 'एक्सप्रेस-वे' के निर्माण तथा विस्तार से यातायात की सुविधा बढ़ी है। लोगों के आवागमन और माल ढुलाई आदि में तेजी आई है। इस तरह काफी समय और पैसा बचने लगा है। मगर इन सडक़ों पर तेज रफ्तार चलने की सुविधा के बरक्स सबसे अधिक दुर्घटनाएं भी इन्हीं मार्गों पर दर्ज होती हैं।

**अर्ज़ किया है..!**

*साया है कम खजूर के*
*ऊँचे दरख़्त का*
*उम्मीद बाँधिए न बड़े*
*आदमी के साथ*

-कैफ़ भोपाली

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## सत्य बौद्धिक नहीं होना चाहिए... सत्य हार्दिक होना चाहिए...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**Health is Wealth**

# हेयर केयर से जुड़ी इन बातों को अपनाकर बच जाएगा महंगे तेल-शैंपू का खर्च

## जानिए काम आने वाली टिप्स



महिलाओं को अपने बालों से काफी प्रेम होता है, हो भी क्यों ना ये उनकी खूबसूरती में चार चांद जो लगा देते हैं। लेकिन अगर बाल खराब हो तो ये सुंदरता को खराब भी कर सकते हैं। महिलाएं बालों की की सही देखभाल करने के लिए तरह-तरह के शैंपू-तेल और ट्रीटमेंट आजमाती हैं। लेकिन कई बार कुछ कॉमन समस्याओं से निपटना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। ऐसे में हम कुछ टिप्स बता रहे हैं जो बालों की कॉमन समस्याओं से निपटने में आपके काम आ सकती हैं।

### बालों का झड़ना कैसे रोकें

बालों को सफेद होने से रोकने के लिए उन्हें साफ रखें और रोजाना धोएं। बालों को धोने से पहले तेल जरूर लगाएं। वहीं हफ्ते में एक बार बाल धोने से पहले सिर पर ताजे प्याज का रस लगाएं। इसी के साथ बालों को दो महीनों में एक बार ट्रिम करवाएं।

### बालों में शाइन कैसे पाएं

केमिकल प्रोडक्ट और प्रदूषण के कारण बालों बेजान हो जाते हैं। ऐसे में शाइन के लिए केमिकल ट्रीटमेंट, हीट स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल बंद कर दें। हर बार बाल धोने से पहले अपने बालों की लेंथ में तेल लगाएं। इसी के साथ महीने में एक बार हेयर स्पा ट्रीटमेंट जरूर करवाएं।

### डैंड्रफ के लिए क्या करें

सर्दियों के मौसम में डैंड्रफ से बचने के लिए अपने बालों को धोने के लिए हफ्ते में एक बार अपने नियमित शैम्पू के साथ एप्पल साइडर वेनिगर का इस्तेमाल करें। रूसी की समस्या होने पर अपने बालों को साफ रखें।

## Highlights

- This relationship has saved India many times: S Jaishankar on India-Russia ties
- CID Actor Dinesh Phadnis Passes Away Due to Liver Damage in Mumbai
- Bihar Minister's escort car meets with accident; driver dies, 4 policemen hurt
- Drones deployed to search for leopard spotted last week in Delhi
- Why Women Need More Protein In Winters For Optimum Health
- Out To Learn Scooty, Woman Allegedly Dragged And Raped

# Meta is betting on India's 'Gen Z' Instagram users to drive trends in 2024

**NEW DEIHI, (Agency).** Tech giant Meta is expectantly looking forward to 2024 and expects Indian 'Gen Z' users to dictate global trends on Instagram. 'Gen Z' is broadly defined as the demographic of people born between 1996 and 2010. Considering their age now, they're expected to be ardent social media users. Meta's Instagram is betting big on this demographic.

This expectation for setting trends and driving conversation should come as no surprise. India is Instagram's biggest market, by far. Numbers for earlier this year by research firm Statista indicate almost 230 million (and counting) daily active users are from India, with the US (143.35 million), Brazil (113.5 million) and Indonesia (89.15 million), countries that follow in the data charts.

"Indian Gen Z's upbeat and entrepreneurial spirit stands out as they eagerly explore new interests and



trends across different domains. Their dedication to chosen fandoms and commitment to self-improvement shine through distinctly in these insights. And, while in many aspects Indian Gen Z's are similar to their global peers, these trends also show specific areas where they are different and unique," says Paras Sharma, director of Content and Community Partnerships for Meta in India, in a statement.

Instagram's Trend Talk survey indicates 43% of the responded hope that 2024 will mark some stage in their self-improvement era, a year when they will invest in their personal growth and development. More than other countries, Indian Gen Z social media users hold on to the belief that starting and running their own business is the best route to earning.

Meta expects Indian users to drive the trend of "more content with – life advice, more everyday 'day-in-the-life-of' content and content about their professions". This has something to do with relatability with celebrities, athletes or even fellow creators.

# Facebook owner Meta could lose ₹5k crore due to Spanish media, here's why

**NEW DEIHI, (Agency)** A group representing 83 Spanish media outlets has filed a 550 million euro ($600 million) lawsuit against Facebook owner Meta Platforms, citing unfair competition in the advertising market in a case that could be replicated across the European Union.

The AMI media association said in a




statement on Monday the lawsuit was filed collectively by the newspapers with a commercial court on Friday, and allege Meta violated EU data protection rules between 2018 and 2023.

The newspapers argue that Meta's "massive" and "systematic" use of personal data of its Facebook, Instagram and Whatsapp platform users gives it an unfair advantage of designing and offering personalised ads, which they say constitutes unfair competition.

Meta's press office did not immediately respond to a request for comment. A Meta source familiar with the matter said the company was yet to receive the legal documents.

The complainants, including Prisa - which publishes Spain's main newspaper El Pais - and Vocento, the owner of ABC, allege most of the ads placed by Meta use personal data obtained without express consent from clients.

# शादी से इंकार किया तो फोटो वायरल कर दिए

## युवती ने हटाने को कहा तो धमकी दी, पुलिस ने आरोपी को पकड़कर करवा डिलीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रावजी बाजार पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसके मंगेतर पर छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने युवती के फोटो और वीडियो वायरल कर दिए थे। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी से इंस्टाग्राम आईडी से सभी फोटो ओर वीडियो डिलीट करवाए हैं।**

रावजी बाजार पुलिस के मुताबिक साउथ तोड़ा में रहने वाली 19 साल की युवती की शिकायत पर अशफाक पटेल निवासी खजराना के खिलाफ छेड़छाड़ ओर धमकी के मामले में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि अशफाक से शादी की बात चल रही थी।

दोनों कई बार घूमने गए। इस दौरान फोटो और वीडियो लिये जो अशफाक के पास थे। उसका व्यवहार ठीक नहीं था तो परिवार के लोगों ने शादी से इंकार कर दिया। इसके बाद अशफाक धमकाने लगा। पीड़िता ने बताया कि उसकी इंस्ट्राग्राम आईडी का पासवर्ड ओर जानकारी अशफाक को थी। सोमवार को उसने इस पर फोटो ओर वीडियो अपलोड कर उसे धमकाया। जब पीड़िता को यह बात पता चली तो उसने अशफाक को कॉल किया तब उसने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने मामले में पुलिस को शिकायत की। जिस पर अशफाक से आईडी से सभी फोटो हटवाए गए।

### नाबालिग से एक तरफा प्यार में धमकी, मारपीट भी की

इधर चंदन नगर पुलिस ने एक नाबालिग लडकी की शिकायत पर छेड़छाड़, मारपीट और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक कालू निवासी पंचमूर्ति नगर के खिलाफ 17 साल की लडक़ी ने केस दर्ज करवाया है। लडक़ी ने बताया कि सोमवार को वह अपनी सहेली के साथ घर जा रही थी। इसी दौरान कालू ने उसे पंचमूर्ति नगर के पास रोका और हाथ पकडक़र बात करने के दबाव बनाया। पीडि़ता ने बात करने से इंकार किया तो आरोपी ने उसे काटकर नाले में फेंकने की धमकी दी। इसके बाद लडक़ी को बुरी तरह से पीटा। जिसमें उसके आंख में चोट आ गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

# बिजली के खम्बे से सटाकर रखा था तराजु, करंट से मौत

### सिल्वर स्प्रिंग रहवासी सोसायटी में सब्जी विक्रेता के साथ हुआ हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सिल्वर स्प्रिंग रहवासी सोसायटी में सब्जी विक्रेता की करंट लगने से मौत हो गई। सब्जी विक्रेता का नाम राम था। दस वर्षों से राम सिल्वर स्प्रिंग रहवासियों को सब्जी फल बेचा करता था। सोमवार की सुबह मेटाडोर



गाड़ी को अपने नियत स्थान पर लगा कर इलेक्ट्रॉनिक तोलकांटा (तराजू) को खम्बे से सेट कर रहा था तो अचानक वह खंबे से करंट के कारण चिपक गया और थोड़ी दूर पर झटके से गिर गया। सोसायटी के कुछ लोग समीप के अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित कर दिया गया। सोसायटी के लोगों ने शोक व्यक्त किया। तेजाजी नगर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। 4 घंटे और पुलिस के बड़े अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मृतक राम की पत्नी की तरफ से मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम किया गया है । टी आई रविंद्र पाराशर ने इस मामले की जांच करने की बात कही है। पोस्टमार्टम की शार्ट रिपोर्ट मिलते ही मृत्यु का कारण पता चल जाएगा।




सड़क हादसा

# इलेक्ट्रीशियन की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चंदन नगर इलाके में एक इलेक्ट्रीशियन की सडक़ हादसे में मौत हो गई। शाम को बाइक से घर आते समय उन्हें एक मिक्सर वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक घटना नावदा पंथ की है। चंदन नगर पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन को जब्त किया है।**

हरिवंश पिता रामविलास मदेसिया निवासी दिलीप नगर अपने साथी संतोष के साथ घर की तरफ बाइक से सोमवार शाम आ रहे थे। सामने से आ रहे एक मिक्सर वाहन ने उनहें जोरदार टक्कर मारी। इस हादसे में हरिवंश की मौत हो गई। जबकि संतोष घायल हुआ है। परिवार के मुताबिक वह एक गांधी नगर के नावदा रोड पर एक होटल में लाइट फीटिंग का काम कर रहे है। वहीं से दोनों वापस आ रहे थे। तभी हादसे का शिकार हो गए। परिवार के लोगो के मुताबिक हरिवंश मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले है। परिवार में तीन भाई ओर तीन बहनें हैं। हरिवंश की शादी को तीन साल हो गए हैं। पत्नी उत्तरप्रदेश में ही परिवार के लोगों के साथ रहती है।

# दो सूने मकानों में ताला तोड़क़र घुसे चोर

### चुराया लाखों का माल, जांच में जुटी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बडग़ोंदा थाना क्षेत्र के ग्राम कोदरिया की रजत ग्रीन कॉलोनी में दो सूने मकानों में चोरी का मामला सामने आया है। चोर यहां से सोने-चांदी के जेवरात के साथ नगदी लेकर फरार हो गए। जब परिवार के लोग घर पहुंचे तो उन्हें चोरी की घटना का पता चला।**

ग्राम कोदरिया की रजत ग्रीन कालोनी में मानसिंह वासवे के घर चोरी की वारदात हुई। मानसिंह ने बताया कि वह खरगोन गए थे, जब वह वापस कोदरिया अपने घर लोटे तो देखा घर का ताला टूटा हुआ है। घर के अंदर जा कर देखा तो पूरे घर का सामान फैला हुआ था, साथ ही अलमारी के दरवाजे भी टूटे पड़े थे। मान सिंह ने बताया कि उनके घर से 35 हजार रुपए नगद, दो सोने के मंगल सूत्र डेढ़ किलो चांदी सहित अन्य सामान चोरी हुआ है। जिसकी कुल कीमत डेढ़ लाख रुपए करीब है। साथ ही रजत दिन कॉलोनी के एक और सुनने मकान में चोरों ने लाखों रुपए की चोरी की। दोनों ही मामलों में पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर पूरे मामले की जांच कर रही है।

# पत्नी से अवैध संबंध की शंका में चाकू घोंपकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। समीपस्थ पीथमपुर के सेक्टर नंबर 1 छत्रछाया कॉलोनी के गेट के सामने सोमवार शाम 6 बजे एक युवक की चाकू घोपकर हत्या कर दी गई। युवक को गंभीर अवस्था में अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी संतोष दूधी ने बताया शुभम पिता अर्जुन मराठा (30) के आरोपी अरुण पिता कुंदनलाल (36) की पत्नी से संबंध थे। इस कारण से महिला पति के साथ रहने को तैयार नहीं थी। 29 नवंबर को घर से बिना बताए वह कहीं चली गई थी। आरोपी ने थाने में महिला की गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। हालांकि पुलिस ने जांच के दौरान महिला को बरामद कर पूछताछ की थी। जिसने पति के साथ जाने से इंकार कर दिया था। बाद में महिला को वन स्टाफ सेंटर धार भेजा था। पत्नी से शुभम के साथ संबंध होने की शंका में ही आरोपी अरुण ने शुभम को चाकू मार दिया। घटना के बाद से आरोपी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

# भतीजे ने चाचा को धमकाया

इंदौर। लसूडिया थाने में एक अधेड़ ने अपने भतीजे के खिलाफ ही धमकाने का मामला दर्ज किया है। उनका आरोप है कि भतीजा पिछले 6 माह से फोन पर उन्हें धमकियां देता है और अपशब्द कहता है। बताया जा रहा है दोनों पक्षों के बीच में पारिवारिक संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। लसूडिया थाने में फरियादी गोविंद खंडेलवाल निवासी महालक्ष्मी नगर की शिकायत पर उनके भतीजे मुकुल उर्फ गोलू निवासी जयपुर राजस्थान के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपी मुकुल फरियादी गोविंदा के बड़े भाई राजेंद्र खंडेलवाल का बेटा है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि पिछले 6 माह से आरोपी अपने खुद के मोबाइल और अलग-अलग नंबरों से फोन कर उन्हें धमका रहा है, वह बेवजह उन्हें गालियां भी देता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।